(मैनुअल/कंप्यूटर)

# हिंदी टंकण परीक्षा–जनवरी, 2015

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

हिंदी शिक्षण योजना, परीक्षा स्कंध

प्रश्न पत्र–प्रथम

बैच-X

समय : 1 घंटा 40 मिनट — पूर्णांक : 50

निम्नलिखित सारणी (स्टेटमेंट) को सुंदर ढंग से टाइप कीजिए :–

(20 अंक)

## जनसंख्या का वितरण

(प्रतिशत में)

| देश | वर्ष | कृषि | उद्योग | सेवा |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 2001 | 72.1 | 24.4 | 3.5 |
| पाकिस्तान | 2002 | 28.8 | 5.7 | 65.5 |
| चीन | 2003 | 59.5 | 32.0 | 8.4 |
| ब्राजील | 2004 | 58.8 | 34.5 | 6.7 |
| कनाडा | 2005 | 69.3 | 28.7 | 2.1 |
| फ्रांस | 2006 | 52.4 | 23.4 | 22.2 |
| इटली | 2007 | 22.6 | 14.2 | 63.7 |
| जापान | 2008 | 21.0 | 18.0 | 61.0 |
| यू.के. | 2009 | 32.7 | 19.9 | 47.4 |

2. निम्नलिखित पत्र को सही व सुंदर ढंग से टाइप कीजिए – (10 अंक)

संख्या केहिप्रस/हिंट./नमु/2014
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान

सीबीडी बेलापुर,
नवी मुंबई 400 614
29 सितंबर, 2014

सेवा में

राजभाषा अधिकारी,
भारतीय कपास निगम लिमिटेड,
बेलापुर

विषय – <u>हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण के संबध में ।</u>

महोदय,

उपर्युक्त विषय में सूचित किया जाता है कि बेलापुर, नवी मुंबई में हिंदी आशुलिपि ( गहन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ) आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है ।

अनुरोध है कि हमारा एक केंद्र जीपीओ, छत्रपति शिवाजी टर्मिनल, मुंबई में संचालित है, इस संबंध में वहां के अधिकारी ( दूरभाष क्रमांक 022-22261539 ) से संपर्क करें ।

भवदीय,

( क.ख.ग. )
सहायक निदेशक ( टं/आ. )

3. निम्नलिखित हस्तलेख को, इसमें किए गए संशोधन, परिवर्तन, परिवर्धन आदि का समावेश करते हुए, ठीक प्रकार से टाइप कीजिए :–

(20 अंक)

सपने और मंजिल

trs सिलाई के मशीन के आविष्कारक
एलियास होवे मशीन चलाते तो धागा
① टूट जाता ② पता-चला सुई ही परेशान
# कर रही है। वे बड़े परेशान हो गए।
3n words ① दिन उन्होंने सपने में देखा कि
एक आदमी लेकर रहा था भाला है।
भाला धूप में चमक रहा था। एलियास
तेज / की / नजर भाले पर गई। भाले की नोक
पर एक छेद धूप में चमक रहा था।
शी / तभी उनकी नींद खुल गई। वे मशीन
के पास गए। अब उन्होंने ऐसी सुई
d / बनाई जिसकी नोक के पास बड़ा छेद
बना था। उसे मशीन के पास बल्कि
मशीन में फिट किया। सुई की नोक
में धागा डाला और मशीन चलाई
stet तो धागा निरंतर दौड़ता रहा।
न उलझा, न टूटा। इस तरह एलियास
को सपने ने मंजिल तक पहुंचाया।

—x—

(मैनुअल/कम्प्यूटर)

हिंदी टंकण परीक्षा—जनवरी, 2015

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

हिंदी शिक्षण योजना (परीक्षा स्कंध)

प्रश्न-पत्र—द्वितीय

**बैच-VI**

समय : 10 मिनट पूर्णांक : 50

दीपावली के अन्तिम दिन कार्तिक शुक्ला द्वितीया को भैया-दूज का पर्व 72
अनन्त काल से मनाया जा रहा है । वैसे तो सारे भारत में इस पर्व की बड़ी धूम 153
रहती है, पर महाराष्ट्र में भाऊ बीज, गुजरात में भाई बीज, बंगाल में भाई फोटा व 248
उत्तर प्रदेश में भ्रातृ द्वितीया के रूप में यह विशेष लोकप्रिय है । अन्य इसे यम 334
द्वितीया कहते हैं । 353

भैया-दूज की प्राचीनतम कथा इसे यम द्वितीया से ही जोड़ती है । सूर्य के पुत्र 437
व पुत्री यम और यमी में बहुत प्रेम था । पर बाद में राजकार्य में यम अपनी बहन 515
यमी, जिन्हें यमुना जी कहते हैं, को भूल गया । बहन ने तब एक दिन 581
कार्तिक शुक्ला द्वितीया को भाई को निमन्त्रण भेजा । यम उद्विग्न हो उठे । बहन के 670
टीके की याद आई । वे यमुना के घर पहुँचे । बहन बहुत प्रसन्न हुई । उसने भाई को 761
टीका किया । यम ने टीके के बाद कुछ माँगने को कहा । बहन ने मांगा कि आज 836
के दिन जो बहनें भाई को टीका करें उनकी रक्षा होनी चाहिए । भविष्योत्तर पुराण 926
में इस कथा के अन्त में कहा गया है – हे युधिष्ठिर, यमुना ने कार्तिक शुक्ला पक्ष 1015
की द्वितीया को ही अपने भाई को निमन्त्रित किया था । अतः इस पर्व का नाम 1093
यम द्वितीया पड़ गया और इस दिन भाई को अपनी बहन के स्नेहपूर्ण हाथों से 1176
परोसा हुआ भोजन करना चाहिए । 1209

भैया दूज की एक कथा जैन साहित्य में भी रोचक ढंग से दी गई है । जैन 1292
धर्म के प्रसिद्ध ग्रन्थ कल्प सूत्र में बताया गया है कि कार्तिक कृष्ण अमावस्या को 1377
भगवान महावीर के निर्वाण के पश्चात् नन्दिवर्धन बहुत ही दुखी हुए । तब उस 1456
घटना के तीसरे दिन अर्थात् कार्तिक शुक्ला की द्वितीया को नन्दिवर्धन की बहन 1541
सुदर्शना ने भाई को भोजन के लिए अपने घर पर आमन्त्रित किया । उसने अपने 1624
हाथों से परोसकर नन्दिवर्धन को सुस्वाद भोजन परोसे व खिलाकर सन्तुष्ट किया । 1713
अतः यह दिन भ्रातृ द्वितीया या भैया दूज के नाम से प्रसिद्ध होकर हर दीपावली 1792
पर मनाया जाने लगा । 1811

नेपाल में जहाँ भैया-दूज को भाई टीका के नाम से दीपावली पर्व के पाँचवें 1898
दिन अत्यन्त उत्साह से मनाया जाता है, के बारे में कथा प्रसिद्ध है कि श्रीलंका में 1980
विजयी होने के बाद राम अयोध्या लौटे । युद्ध में जीवित लोगों का उनके परिवारों 2061

(कृ.पृ.उ.)

के सदस्यों व मित्रों ने भव्य स्वागत किया । बहनों ने इस अवसर पर भाइयों को 2143
पुष्पहार पहनाये तथा उनके माथे पर टीका लगाकर उनके दीर्घायु की कामना की । 2224
तब से बहनें हर वर्ष इस दिन अपने भाइयों के टीका लगाती हैं । फिर बहनें देहरी 2309
पर बैठकर अखरोट को एक ही बार में तोड़कर छत पर फेंक देती हैं । अखरोट को 2396
यमराज के सिर का प्रतीक माना जाता है । अखरोट तोड़ देने से भाई की रक्षा 2477
मानी जाती है । यह भी माना जाता है कि हिरण्यकश्यप का वध देहरी पर किया 2550
गया था । इसलिए देहरी पर अखरोट तोड़ा जाता है । 2605

राजस्थान के आदिवासी क्षेत्र में प्रचलित एक लोककथा के अनुसार भैया-दूज 2687
का टीका कराने वाले पर सूर्यदेव की कृपा रहती है । इस लोककथा के अनुसार बहनें 2768
अपने भाई की सुख-शान्ति, समृद्धि और उन्नति के लिए व्रत करती हैं 2849
और भगवान सूर्यदेव की पूजा करती हैं । भैया-दूज का यह पर्व सुखद अनुभूति का 2938
पर्व है, इस दिन जो भाई अपनी बहन के हाथ का बना हुआ खाना बहन के घर 3018
जाकर ग्रहण करता है, वह धन-धान्य से परिपूर्ण रहता है । 3081

हिंदी आशुलिपि परीक्षा – जनवरी, 2015
भारत सरकार, गृह मंत्रालय,राजभाषा विभाग
हिंदी शिक्षण योजना, परीक्षा स्कंध
प्रश्न पत्र – प्रथम
बैच – II

समय: 10 मिनट | पूर्णांक : 100
लिप्यंतर समय : 50 मिनट | (गति: 80 शब्द प्रति मिनट)

अध्यक्ष महोदय, इस आर्थिक संकट के प्रति हम सजग हैं और सबसे सहयोग चाहते हैं । मैं आपको इस/बात से आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारे देश में खाद्य पदार्थ भारी मात्रा में मौजूद हैं। हमारे पास इतने//साधन हैं कि इन्हें सभी स्थानों पर आसानी से पहुंचा सकते हैं । हम देश में कीमतों को बढ़ने से रोकने///के लिए भी आवश्यक उपाय कर रहे हैं । लेकिन कभी-कभी कुछ लोग अनावश्यक लाभ उठाना चाहते हैं । इससे X लाभ की प्रवृत्ति फैलती है और लोग जमाखोरी भी करते हैं। ऐसी (1)
ताकतों को इस धैर्य से काम लेना/होगा और लोगों के दुखों में अपने व्यापार को बढ़ाने या लाभ कमाने के इरादों को छोड़ना होगा । यदि स्थिति//में बदलाव नहीं आता तो सरकार को विवश हो कर ऐसे कदम उठाने पड़ेंगे जो बहुत अप्रिय और कठोर हो///सकते है । मैं किसी को धमकी नहीं देना चाहता हूं, देश के लोगों को सजग करना चाहता हूं और यह X चेतावनी देना चाहता हूं कि स्थिति से अनुचित (2)
लाभ उठाना देश के प्रति जिम्मेदारी का पालन न करने के समान/होगा । इसमें आप सबको सहयोग करना होगा । मुझे खुशी है कि इस घटना के तुरन्त बाद देश की//विभिन्न पार्टियों के नेताओं के साथ जो भी बातचीत हुई है उसमें सभी का यह निश्चित मत था कि///सारे देश को एक होकर इस स्थिति का मुकाबला करना चाहिए । जब भी संकट आता है देश की जनता X स्थिति का मुकाबला करने के (3)
लिए पूरी ताकत और एकता के साथ काम करती है । हमारे बीच छोटे-मोटे राजनैतिक/मतभेद हो सकते हैं । इन मतभेदों को भुलाकर हम मिलकर इस संकट का मुकाबला करेंगे। मैं जानता हूं//कि कुछ लोग देश के कानून और व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं । मेरा इन लोगों से निवेदन है/// कि वे अपनी इस हरकत से बचें। यही देश के हित में भी ठीक होगा। देश प्रेम का यह तकाजा X है (4)
कि चाहे साम्प्रदायिक सवाल हो या आतंकवादी गतिविधियां, उन्हें रोका जाये ताकि देश एक जुट हो कर इस समस्या/का समाधान कर सके । आज लड़ाई हो रही है । हम चाहते हैं कि लड़ाई बन्द हो लेकिन दुख के साथ//कहना पड़ता है कि लड़ाई फैलती जा रही है । जो खबरें अरब देशों से आ रही हैं उनसे चिंता///बढ़ रही है । हमारा यही प्रयास है कि हम तुरन्त इसे रोकें और शांति कायम करें । इसी में विश्व का X हित हैं । (5)

हिंदी आशुलिपि परीक्षा–जनवरी, 2015

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

हिंदी शिक्षण योजना, परीक्षा स्कंध

प्रश्न पत्र–द्वितीय

**बैच-IV**

| | |
|---|---|
| डिक्टेशन का समय : 5 मिनट | पूर्णांक : 100 |
| लिप्यंतरण का समय : 50 मिनट | ( गति : 100 श.प्र.मि. ) |

उप सभापति जी मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि विकास के लिए हम बड़ी मात्रा में पूंजी लगा रहे हैं । लेकिन उस मात्रा में हमारे / देश में उत्पादन में वृद्धि नहीं हो रही है । लोगों की क्रय शक्ति बढ़ रही है लेकिन उसके अनुसार बाजार में माल नहीं आ // रहा है । मैं यह भी क़हना चाहता हूँ कि इतना ही कहना पर्याप्त नहीं होगा कि मूल्यों को कम करने के लिए उत्पादन बढ़ना जरूरी /// हैं । यह ऐसी चीज है जिससे किसी का मतभेद नहीं हो सकता है । देखने में यह आता है कि सरकार की नीतियाँ कीमतें बढ़ाने
(1) में × तो सहायक होती हैं, लेकिन उनसे उत्पादन में वृद्धि नहीं होती है । मैं चाहता हूँ कि इस बात पर गम्भीरता से विचार किया जाए कि / माल को इधर-उधर ले जाने में जो किराया देना पड़ता है उसके कारण मूल्यों में वृद्धि होती है ।

मुझे आश्चर्य है कि वित्त मंत्री // ने अपने भाषण में यह तो कहा है कि मूल्य वृद्धि से उन्हें चिन्ता हो रही है । किन्तु वृद्धि को रोकने के लिए कौन /// से कदम उठाये जाएंगे इस संबंध में वित्त मंत्री शायद
(2) अपने दिमाग में भी स्पष्ट नहीं हैं । मैं उनके इस कथन से सहमत नहीं हूँ कि × थोक मूल्यों में प्रायः 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । साधारण लोगों का जीवन बाजार भाव से चलता है । मुझे आश्चर्य है उन्होंने अपने/भाषण में एक वाक्य ऐसा कहा है कि जिसका उपयोग दूसरी जगह भी किया जा सकता है ।

अपने बजट में वित्त मंत्री ने विदेशी पूंजी को // अधिक मात्रा में निमंत्रण देने की बात कही है । आज हमारे देश की आर्थिक विकास की जो स्थिति है उसमें बिना विदेशी पूंजी के हम /// नहीं चल सकते । लेकिन, विदेशी पूंजी बड़ी मात्रा में देश में आए, इसके साथ जो खतरे और कठिनाइयाँ हैं उनको भी आंख
(3) से ओझल नहीं × किया जाना चाहते हैं वह किन शर्तों पर / लाना चाहते हैं । उद्योग-धंधों में, कल-कारखानों में विदेशी पूंजी का हिस्सा बहुत कम है, यह बात वित्त मंत्री ने कही है । ध्यान देने की // बात यह है कि विदेशी पूंजी पर हमारे देश में जो मुनाफा हो रहा है वह अन्य देशों की तुलना में काफी है और अगर /// विदेशी पूंजी मुनाफे के लिए देश में आना चाहती है तो उसे कभी काफी सुविधाएं दी जा रही है ।

(4) मैं आपके माध्यम से सरकार का × ध्यान इस बात की तरफ भी दिलाना चाहता हूँ कि हमारे देश में धन कुछ ही हाथों में इकट्ठा होता जा रहा है । यह स्थिति / ठीक नहीं है । सरकार को गंभीरता के साथ इस समस्या पर विचार करना चाहिए और यह देखना चाहिए कि हमारे देश का धन कुछ ही // पूंजीपतियों के हाथों में न जाने पाये । सरकार ने इस संबंध में कुछ कदम उठाये हैं । पूंजी को कुछ ही हाथों में जाने से रोकने /// के लिए सरकार को प्रयत्न करना चाहिए । यदि सरकार ने इस ओर कदम नहीं उठाए तो
(5) जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा । ×

———